EMERALD

Dated: 28.11.2024

To
General Manager,
BSE Limited,
25th Floor,
P.J. Towers, Dalal Street,
Mumbai-400001

**Sub: Newspaper Advertisement – Disclosure under Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015**

Dear Sir,

Pursuant to Regulation 47 of the SEBI(LODR) Regulations, 2015, please find attached herewith copy of newspaper advertisements, published on 28.11.2024 in Financial Express (English) and in Jansatta (Hindi)with respect with respect to the Extra-ordinary General Meeting and remote e-voting information.

The aforesaid information has also been uploaded on the website of the Company at www.emeraldfin.com.

This is for your information and records.

Yours Sincerely,
For **Emerald Finance Limited**

Sanjay Aggarwal
Digitally signed by Sanjay Aggarwal
Date: 2024.11.28 12:51:34 +05'30'

**(Sanjay Aggarwal)**
**Managing Director**
**DIN: 02580828**




## खबर कोना



चंडीगढ़ के गोल्फ क्लब में '30वीं पंजाब ओपन महिला गोल्फ प्रतियोगिता:2024' में शाट लगाती खिलाड़ी। –जसबीर मल्ही

### राज्यपाल श्रीमद् भागवद् कथा में शामिल हुए

पंचकूला, 27 नवंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को सेक्टर-5 स्थित शालीमार मैदान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में शामिल हुए। राज्यपाल ने प्रसिद्ध कथावाचक जया किशोरी को पुष्प भेंट कर उनका अभिवादन किया और कार्यक्रम में बैठकर श्रीमद् भागवत कथा का आनंद लिया। इस दौरान कथा वाचक ने 'आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, करते हो तुम कन्हैया बस नाम हो रहा है' नामक भक्ति गीत गया। इस पर श्रद्धालु झूम उठे और जयघोष के साथ भागवत कथा का लुत्फ उठाते रहे। कथा के आयोजक माता मनसा देवी सेवा ट्रस्ट पंचकूला के पदाधिकारी ने राज्यपाल का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्वागत किया और समृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया।

### जहरीला पदार्थ निगलने से व्यक्ति की मौत

नारनौल, 27 नवंबर (जनसत्ता)।

थानाक्षेत्र अटेली के तहत गांव बोचड़िया में एक व्यक्ति ने जहरीला पदार्थ निगलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस ने जान गंवाने वाले पीड़ित का नारनौल के सिविल अस्पताल से पोस्टमार्टम कराकर उसे परिजनों के हवाले कर दिया है। पीड़ित के परिजनों के मुताबिक. करीब 26 वर्षीय अनिल कुमार लोडिंग मशीन पर मजदूरी का कार्य करता था और शराब पीने का आदी था। बीती शाम उसने कोई जहरीला पदार्थ निगल लिया था, जिस कारण उसकी तबीयत बिगड़ गई। आसपड़ोस के लोगों ने अनिल को इलाज के लिए नारनौल के एक निजी अस्पताल में दाखिल कराया था जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## 'नाडा' के फैसले के बाद हरियाणा की राजनीति गरमाई

# कृष्ण बेदी ने बजरंग और विनेश फोगाट को घेरा

चंडीगढ़, 27 नवंबर (जनसत्ता)।

नाडा द्वारा हरियाणा के पहलवान बजरंग पूनिया पर चार साल का प्रतिबंध लगाए जाने के बाद हरियाणा का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने बुधवार को बजरंग पूनिया के साथ-साथ विनेश फोगाट पर निशाना साधा।

ज्ञातव्य है कि डोप टेस्ट के लिए नमूने देने से इनकार किए जाने पर नाडा ने बजरंग पूनिया पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया है। बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में शामिल हुए थे।

बजरंग पूनिया इस समय आल इंडिया किसान कांग्रेस के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं जबकि विनेश फोगाट जुलाना से कांग्रेस की टिकट पर विधानसभा चुनाव जीती हैं।



**कैबिनेट मंत्री बोले कि देश संविधान दिवस मना रहा और ये लोग संविधान का कर रहे अपमान।**

जाता घटनाक्रम के बाद हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि बजरंग पूनिया को नाडा जैसी प्रतिष्ठित एजंसी का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा, नाडा द्वारा पूनिया पर बैन लगाया जाना हमारे लिए निंदनीय है। विनेश या बजरंग जिस भी क्षेत्र में रहे, उसका उन्होंने कभी सम्मान नहीं किया। उन्होंने कहा कि बजरंग ने नाडा के कहने पर डोप टेस्ट के लिए नमूने नहीं देकर अपने खेल के साथ धोखा किया है। यह लोग किस तरह से एजंसी को ठेंगा दिखाते हैं, अब सबके सामने आ गया है।

दूसरी ओर, कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को लोगों ने उनकी आवाज विधानसभा में उठाने के लिए विजयी बनाया था। चुनाव जीतने के बाद विनेश फोगाट न तो अपने हलके में ही गईं और न ही विधानसभा सत्र में एक दिन के लिए आईं। एक ओर भाजपा व पूरा प्रदेश संविधान दिवस मना रहा है और दूसरी ओर ये लोग संविधान का पालन नहीं कर रहे। विनेश हरियाणा की पहली ऐसी विधायक होंगी जिसके मात्र एक माह के भीतर ही गुमशुदगी के पोस्टर हलके में लग गए।

## एनआइए ने 'आतंकी-गिरोहबाज सांठगांठ' के खिलाफ छापे मारे

### देश में हथियारों की तस्करी का मामला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 27 नवंबर।

राष्ट्रीय जांच एजंसी (एनआइए) ने देश में हथियार और गोला-बारूद की तस्करी संबंधी आतंकी संगठनों की साजिश की जांच के तहत बुधवार को कई राज्यों में नौ स्थानों पर छापेमारी की। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

बयान के मुताबिक, एनआइए के दलों ने हरियाणा के पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम जिलों, पंजाब के जलंधर जिले और उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में 'आतंकवादी-गिरोहबाज नेटवर्क' मामले में संदिग्धों के परिसरों की तलाशी ली। जांच एजंसी द्वारा जारी बयान में कहा गया कि तलाशी के दौरान मोबाइल/डिजिटल उपकरण, बैंकों के लेनदेन और संपत्ति से संबंधित दस्तावेजों सहित कई आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गईं। बयान में आगे कहा गया है, 'आतंकवादी-गिरोहबाज सांठगांठ' मामले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई करते हुए एनआइए ने बुधवार को पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में नौ स्थानों पर दविंदर बंबीहा गिरोह के सहयोगियों से जुड़े परिसरों पर व्यापक तलाशी ली।' अधिकारियों ने बताया कि कुख्यात बदमाश बंबीहा वर्ष 2016 में पुलिस मुठभेड़ में मारा गया था। उन्होंने बताया कि बंबीहा गिरोह के सदस्यों को जेल में बंद गिरोहबाज लारेंस बिश्नोई और उसके साथियों का प्रतिद्वंद्वी माना जाता है।

**राष्ट्रीय जांच एजंसी ने हरियाणा के पलवल, फरीदाबाद और गुरुग्राम के अलावा पंजाब के जिला जलंधर और उत्तर प्रदेश के मथुरा स्थित संदिग्धों के परिसरों की गहन तलाशी ली।**

जांच एजंसी ने बताया कि बुधवार की तलाशी एनआइए की उन आतंकी संगठनों पर लगातार कार्रवाई का हिस्सा थी, जो भारत में हथियार, गोला-बारूद, मादक पदार्थ आदि की तस्करी करने में संलिप्त हैं।


## पुलिस के हत्थे चढ़े लारेंस बिश्नोई गिरोह के दो गुर्गे

चंडीगढ़, 27 नवंबर (ब्यूरो)।

पंजाब के जिला जलंधर में पंजाब पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद कुख्यात गिरोहबाज लारेंस बिश्नोई गिरोह के दो गुर्गों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पंजाब पुलिस ने बुधवार को इस बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पकड़े गए इन दोनों शातिर बदमाशों पर हत्या और जबरन वसूली समेत कई आपराधकि मामले पहले से ही दर्ज हैं।

बताया गया है कि इस धरपकड़ के दौरान उनके कब्जे से तीन हथियार और कारतूस बरामद किए गए हैं। पंजाब पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा,'जलंधर पुलिस आयुक्तालय (पुलिस आयुक्त जलंधर) की पुलिस ने जलंधर में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के दो शातिरों का पीछा किया और मुठभेड़ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया।'

सोशल मीडिया के मंच 'एक्स' पर डाली गई इस पोस्ट में आगे बताया गया, 'पीछा करने के दौरान संदिग्धों ने पुलिस पर गोली चलाई जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की। गिरफ्तार किए गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ जबरन वसूली, हत्या सहित शस्त्र अधिनियम के साथ-साथ मादक पदार्थ निषेध से संबंधित एनडीपीएस अधिनियम के तहत कई मामले दर्ज हैं।'



**धुआं** गुरुग्राम में बुधवार को गहरी धुंध के बीच ऊंची इमारतों के आसपास मंडराते परिंदे।

## सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी को 55 घंटे 'डिजिटल अरेस्ट' में रखा

# पांच लाख रुपए की रकम ठग ली

चंडीगढ़, 27 नवंबर (ब्यूरो)।

फरीदाबाद के एक सेवानिवृत्त वायुसेना अधिकारी से जालसाजों ने भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) का अधिकारी बनकर पांच लाख रुपए की रकम ठग ली और उन्हें 55 घंटे तक 'डिजिटल अरेस्ट' किए रखा।

पुलिस ने बुधवार को बताया कि मूल रूप से बिहार में जिला मधुबनी के बेनीपट्टी गांव निवासी आदित्य कुमार झा (55) वायुसेना से सेवानिवृत्त 'सार्जेंट' हैं और अभी पंजाब नेशनल बैंक में लिपिक पद पर कार्यरत हैं। वह वर्तमान में डिस्कवरी पार्क सेक्टर-80, ग्रेटर फरीदाबाद में रहते हैं। हरियाणा चुनाव ड्यूटी से लौटने के एक दिन बाद छह अक्तूबर को झा को एक अज्ञात नंबर से सुबह लगभग 9:50 बजे 'वीडियो काल' आया, जब उनकी पत्नी और बेटा दिल्ली के झंडेवालां मंदिर में थे। फोन करने वालों में से एक ने खुद को ट्राई का अधिकारी बताते हुए झा से कहा कि उनका मोबाइल नंबर दो घंटे में निष्क्रिय कर दिया जाएगा, क्योंकि किसी ने दिल्ली में उनके आधार विवरण का उपयोग करके सिम कार्ड प्राप्त कर लिया है और उस नंबर से जुए के संदेश भेजे जा रहे हैं।

इस बीच, दूसरे जालसाज ने खुद को सीबीआइ का पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) विजय कुमार बताते हुए दावा किया कि झा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है, जिससे वह और अधिक चिंतित हो गए। झा ने अपनी शिकायत में कहा, 'फोन करने वाले ने मुझे दो घंटे के भीतर सीबीआइ के दिल्ली कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया। जब मैंने इनकार कर दिया, तो उसने मुझे बताया कि मेरे खिलाफ 6.68 करोड़ रुपए से जुड़ा धन शोधन का मामला दर्ज किया गया है और मुझ पर किसी नवाब मलिक के साथ मामले में शामिल होने का आरोप लगाया।'

पुलिस ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने झा के बैंक खाते का विवरण मांगा और उन्हें 'डिजिटल अरेस्ट' किए रखा और धमकी दी कि वे वीडियो काल को न काटे वरना वे उनके परिवार के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। 'डिजिटल अरेस्ट'' एक किस्म की साइबर धोखाधड़ी ही है, जिसमें धोखाधड़ी करने वाले ईडी अधिकारी या सरकारी अधिकारी बनकर आडियो या वीडियो काल के माध्यम से पीड़ितों को धमकाते हैं और उन्हें पैसे देने के लिए मजबूर करते हैं।

## बदमाश दिनेश के आवास पर दबिश

**चंडीगढ़** : दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद शातिर बदमाश नीरज बवाना गिरोह के गुर्गे दिनेश उर्फ टापा के जिला जींद स्थित आवास पर राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआइए) के दल ने बुधवार सुबह छापेमारी की। पुलिस ने इस आशय की जानकारी दी।

**एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड**
पंजीकृत कार्यालयः एससीओ 7 औद्योगिक क्षेत्र फेज़ 2 चंडीगढ़ 160002
CIN : L65993CH1983PLC041774, टेली. नं. 0172- 4005659,
ई-मेलः cs@emeraldfin.com वेबसाइटः www.emeraldfin.com

**असाधारण सामान्य बैठक और ई- वोटिंग जानकारी की सूचना**

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि **मेसर्स एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड** के शेयरधारकों की असाधारण सामान्य बैठक शनिवार, 21 दिसंबर, 2024 को सुबह 10.00 बजे एससीओ 7 औद्योगिक क्षेत्र फेज 2 चंडीगढ़ में ईजीएम की सूचना में निर्धारित अनुसार व्यापार पर लेनदेन करने के लिए आयोजित की जाएगी। कंपनी ने अनुमत विधि से 27.11.2024 को ईजीएम की सूचना का प्रेषण का कार्य पूरा कर लिया है।

कंपनीज़ (प्रबंधन तथा प्रशासन) नियमों, 2014 यथा समय समय पर संशोधित, के नियम 20 और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (आपत्तियों के सूचीकरण एवं प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमों, 2015 के विनियम 44 के साथ पठित कंपनीज़ एक्ट, 2013 की धारा 108 के प्रावधानों की अनुपालना में सदस्यों को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अपने सदस्यों को इलैक्ट्रॉनिक विधि द्वारा ईजीएम पर वोट के अधिकार का प्रयोग करने के लिए सुविधा प्रदान कर रही है और व्यापार नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) द्वारा प्रदान की गई ई-वोटिंग सेवा ('रिमोट ई-वोटिंग') के माध्यम से संपादित किया जा सकता है।

**ई-वोटिंग के निर्देश ईजीएम की सूचना में दिए गए हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित बातों पर ध्यान दें:-**

i) रिमोट ई-वोटिंग 18 दिसंबर, 2024 को प्रातः 9.00 बजे (आईएसटी) शुरू होगी।
ii) 20 दिसंबर, 2024 को सायः 5.00 (आइएसटी) बंद होगी। ई-वोटिंग मॉड्यूल को कथित तिथि एवं समय के बाद सीडीएसएल द्वारा असक्षम कर दिया जाएगा और कथित तिथि एवं समय के बाद इलैकट्रॉनिक रूप से वोट की अनुमति नही दी जाएगी।
iii) सदस्यों को वोटिंग अधिकार (रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से या बैलेट पेपर के माध्यम से वोटिंग) शनिवार, 14 दिसंबर, 2024 ("कट-ऑफ तिथि") को कंपनी की भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी के उनके शेयर के अनुपात में कर सकेंगे। जिन सदस्यों के नाम केवल कट-ऑफ तिथि को डिपोजिटरी द्वारा अनुरक्षित लाभार्थी स्वामियों के रजिस्टर या सदस्य के रजिस्टर में दर्ज है, केवल रिमोट ई-वोटिंग के साथ साथ वार्षिक सामान्य बैठक में वोटिंग के हकदारी में शामिल किया जाएगा।
iv) कोई भी व्यक्ति जो कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण करता है और ईजीएम नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी का सदस्य बन जाता है और कट-ऑफ तिथि के अनुसार शेयर रखता है, कंपनी के आरटीए मैसर्स मास सर्विसेज लिमिटेड, टी 34, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110000 (भारत) या एनएसडीएल को अनुरोध भेजकर लॉगिन आईडी और अनुक्रम संख्या प्राप्त कर सकता है। हालांकि, यदि उक्त शेयरधारक पहले से ही ई-वोटिंग के लिए एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है, तो वोट डालने के लिए उसकी मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है। यदि वह पासवर्ड भूल गया है, तो वह **www.evoting.nsdl.com** पर उपलब्ध "फॉरगॉट यूजर डिटेल्स/पासवर्ड" विकल्प का उपयोग करके अपना पासवर्ड रीसेट कर सकता है।
v) बैलेट के माध्यम से मतदान की सुविधा भी बैठक में उपलब्ध कराई जाएगी और बैठक में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा पहले से अपना वोट नहीं डाला है, वे बैठक में अपने अधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।
vi) एक सदस्य वोटिंग का केवल एक ही तरीका चुन सकता है, यानी रिमोट ई-वोटिंग या बैलेट फॉर्म। यदि कोई सदस्य दोनों तरीकों से वोट डालता है, तो ई-वोटिंग के माध्यम से डाले गए वोट मान्य होंगे और बैलेट फॉर्म को अमान्य माना जाएगा।
vii) रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट देने वाले सदस्य भी बैठक में शामिल हो सकते हैं, लेकिन ईजीएम में दोबारा वोट देने के हकदार नहीं होंगे।

कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक की सूचना कंपनी की वेबसाइट **www.emeraldfin.com** और एनएसडीएल की वेबसाइट **www.nsdl.co.in** पर भी प्रदर्शित की जाती है।

ई-वोटिंग प्रणाली से संबंधित किसी पूछताछ या मामले की स्थिति में आप फ्रीक्वेंटली आक्स्ड क्वेश्चन्स ("एफएक्यू") तथा **www.evoting.nsdl.com** पर हैल्प सेक्शन के अंतर्गत उपलब्ध ई-वोटिंग मेन्यूल को देखें या **evoting@nsdl.co.in** पर ईमेल करें। आप श्रीमती अमरजीत कौर, कंपनी की कंपनी सचिव से **cs@emeraldfin.com** या 0172-4603859 से संपर्क कर सकते है।

**निदेशकों के बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड**
हस्ता/-
**संजय अग्रवाल, प्रबंध निदेशक**
**DIN: 02580828**

दिनांकः 27.11.2024
स्थानः चंडीगढ़

## मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों ने कार्यभार संभाला

चंडीगढ़, 27 नवंबर (जनसत्ता)।

हरियाणा सरकार द्वारा नियुक्ति के आदेश जारी किए जाने के बाद हरियाणा राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष और इसके सदस्यों ने बुधवार को चंडीगढ़ में कार्यभार संभाल लिया। इस मामले में गुरुवार को हाई कोर्ट में स्थिति रपट दाखिल की जाएगी।

हरियाणा सरकार ने विशेष अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति के बावजूद मंगलवार को पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश ललित बतरा को मानव अधिकार आयोग का अध्यक्ष और सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप जैन के अलावा एडवोकेट दीप भाटिया को मानव अधिकार आयोग का सदस्य नियुक्त किया था। बुधवार को आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों ने कार्यालय पहुंचकर कार्यभार भी ग्रहण कर लिया।



# किसान नेता पंधेर ने डल्लेवाल के मुद्दे पर पंजाब सरकार को कोसा

चंडीगढ़, 27 नवंबर (ब्यूरो)।

किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को खनौरी सीमा से जबरन हटाने के लिए पंजाब सरकार पर बुधवार को फिर से निशाना साधा। पंधेर ने यह भी बताया कि अब डल्लेवाल की जगह किसान नेता सुखजीत सिंह हरदोझंडे आमरण अनशन पर बैठ गए हैं। सुखजीत का आमरण अनशन दूसरे दिन जारी है।

ज्ञातव्य है कि किसानों की मांगों को लेकर मंगलवार से आमरण अनशन शुरू करने वाले डल्लेवाल (70) को खनौरी सीमा पर विरोध स्थल से कथित तौर पर जबरन हटाकर स्वास्थ्य जांच के लिए लुधियाना के दयानंद मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाया गया था।

पंधेर ने भगवंत मान सरकार पर निशाना साधते हुए बुधवार को कहा कि राज्य सरकार डल्लेवाल को वहां से हटाकर आंदोलन को 'विफल' करने के अपने प्रयास में असफल रही है। उन्होंने कहा, 'डल्लेवाल की स्थिति कैसी है, कोई भी इसे स्पष्ट नहीं कर रहा।' पंधेर ने कहा कि राज्य सरकार ने खनौरी सीमा से डल्लेवाल को जबरन हटाने के संबंध में अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है।

उन्होंने कहा, 'पंजाब के मुख्यमंत्री को राज्य के लोगों को डल्लेवाल को हटाने के संबंध में और यह क्यों किया गया इस बारे में बताना चाहिए।' पंधेर ने लोगों से बड़ी संख्या में खनौरी सीमा पर पहुंचने का आह्वान किया। किसान नेता ने यह भी कहा वे देखेंगे कि सांसद मौजूदा संसद सत्र में फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी के मुद्दे उठाते हैं या नहीं।

Sanjay Aggarwal
Digitally signed by Sanjay Aggarwal
Date: 2024.11.28 12:52:38 +05'30'